उत्तर प्रदेश शासन
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-1
संख्या-155/2019/1534/81-1-2019-30(5)/2018
लखनऊ दिनांकः 17 अक्टूबर, 2019
कार्यालय-ज्ञाप

जनहित एवं कार्यहित में श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, एस0डी0ओ0, मुरादाबाद, मुरादाबाद वन प्रभाग को उक्त पद से स्थानांतरित करते हुए प्रभारी प्रभागीय वनाधिकारी, भदोही वन प्रभाग के पद पर शासन के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-952/14-1-2019-30(8)/2018 दिsनांक 07 जून, 2019 द्वारा स्थानान्तरण/तैनाती के आदेश निर्गत किये गये थे।

2- श्री ज्ञानेन्द्र सिंह उप प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद, वन प्रभाग, मुरादाबाद ने अपने पत्र दिनांक 11.06.2019 के माध्यम से अवगत कराया है कि उनके गृह जनपद अलीगढ़ से भदोही की दूरी 650 कि0मी0 होने, उनकी सेवानिवृत्ति में लगभग 01 वर्ष 05 माह से कम की अवधि शेष रहने, पत्नी के स्वास्थ्य तथा उनके बड़े पुत्र की दुर्घटना में आयी गंभीर चोटों एवं मानसिक क्षति का इलाज नोएडा में होने के दृष्टिगत उनके द्वारा स्थानान्तरण निरस्त करने अथवा गृह जनपद के निकट स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया।

3- अतः श्री ज्ञानेन्द्र सिंह के पत्र दिनांक 11.06.2019 में किये गये अनुरोध पर विचारोपरान्त श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी, मुरादाबाद, वन प्रभाग, मुरादाबाद के उक्त स्थानान्तरण आदेश कार्यालय-ज्ञाप संख्या-952/14-1-2019-30(8)/2018 दिनांक 07 जून, 2019 के द्वारा किये गये स्थानान्तरण को तात्कालिक प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

कल्पना अवस्थी
प्रमुख सचिव

संख्याः-155/2019/1534(1)/81-1-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज/केन्द्रीय भवन अलीगंज, लखनऊ।
2- प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ।
4- सम्बन्धित अधिकारी को प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।
5- निजी सचिव मा0 मंत्री जी, वन उ0प्र0 शासन।
6- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- कम्प्यूटर सहायक को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नीता चौधरी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in